हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

12 अब हर आपात स्थिति में मिलेगी तुरंत मदद...

14 पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री ...




## खबर संक्षेप

### ताड़ोकी-रावघाट रेल सेक्शन में प्रथम इंजन रोलिंग ट्रायल सफल



**भानुप्रतापपुर।** दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत ताडोकी-रावघाट सेक्शन में मंगलवार 20 मई को रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रथम इंजन रोलिंग ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ट्रायल इंजन दोपहर लगभग 12:05 बजे रेलवे स्टेशन ताडोकी से रवाना हुआ और लगभग 1:20 बजे नवनिर्मित रेलवे स्टेशन रावघाट पहुंचा। इसके बाद इंजन करीब 1:35 बजे रावघाट स्टेशन से पुनः ताड़ोकी के लिए रवाना हुआ। ट्रायल रन दोपहर लगभग 2:18 बजे सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इसके पश्चात ट्रायल इंजन लगभग 3 बजे ताड़ोकी स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना हो गया। इस ऐतिहासिक प्रथम इंजन रोलिंग ट्रायल के दौरान परियोजना से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। इनमें परियोजना अधिकारी भावेश पांडे, अजय आचार्य, ब्रिजेश वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहें। इसके अलावा 33 वीं वाहिनी के उप कमांडेंट सुमीत हरित सहित अन्य कर्मचारी भी रेलवे स्टेशन रावघाट में मौजूद रहें। दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना क्षेत्र के विकास, यातायात सुविधा एवं औद्योगिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रथम इंजन ट्रायल की सफलता को परियोजना के अंतिम चरण की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### सर्पदंश से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत केवटीनटोला निवासी 29 वर्षीय शेखर चुरेंद्र पिता सुखराम को साप ने काट लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक को 19 मई को साप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गिरकर घायल महिला की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 44 निवासी 35 वर्षीय चपला मिस्त्री पति सुखदेव बाइक से गिरकर घायल हो गई व चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका बाइक के गिर गई थी, जिसके कारण उसे चोट आई थी। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 17 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# बकाया भुगतान विवाद पर जेसीबी को रोकने का आरोप, पुलिस के पास पहुँचा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


सटेली ग्राम की रेत खदान में भुगतान विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है और जुनवानी निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने आरोप लगाया है कि बकाया राशि मांगने पर उनकी जेसीबी मशीन को गांव के कुछ लोगों ने जबरन रोक लिया। लाखों रुपए के भुगतान विवाद और मशीन बंधक बनाए जाने के आरोप के बाद मामला अब पुलिस जांच तक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र में खदान संचालन व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

शिकायत के अनुसार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी फिरोज खान ने अपनी जेसीबी 205 मशीन को एग्रीमेंट के तहत मोखा पेड़ावारी निवासी जितेंद्र नेताम को मिट्टी एवं रेत उत्खनन कार्य के लिए किराये पर दिया था। मशीन का उपयोग सटेली ग्राम स्थित रेत खदान में किया जा रहा था। ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का आरोप है कि मशीन किराया एवं कार्य के एवज में अब तक 2 लाख 64 हजार 500 रुपए की राशि बकाया है। कई बार भुगतान की मांग करने के बावजूद राशि नहीं दी गई।

व्यवसायी ने आरोप लगाया कि जब बकाया भुगतान नहीं मिला तो उन्होंने अपनी मशीन वापस मंगाने का प्रयास किया। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने मशीन को रोक लिया और उसे वहां से ले जाने नहीं दिया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 18 मई को फोन के माध्यम से उन्हें जानकारी दी गई थी कि जेसीबी मशीन को ट्रेलर के जरिए वापस भेजा जा रहा है, लेकिन बाद में मशीन नहीं पहुंची। ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने इसे जबरन बंधक बनाने जैसा मामला बताते हुए पुलिस प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने मशीन को सुरक्षित वापस दिलाने और बकाया राशि की वसूली कराने की गुहार लगाई है।

## सटेली रेत खदान को लेकर विवाद गरमाया





### पूछताछ के बाद की जाएगी कार्रवाई

भानुप्रतापपुर पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर संबंधित पक्षों से पूछताछ की जाएगी और तथ्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब सभी की नजर पुलिस जांच और विवाद के समाधान पर टिकी हुई है।

## शिकायत दर्ज कराने फोन की घंटी बजती रही बार-बार, पर उठाया नहीं, रातभर लोग रहे परेशान

# कई वार्डों में घंटों बिजली आपूर्ति रही ठप विभाग का शिकायत नंबर फकत दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि फॉलोअप

भीषण गर्मी के बीच कांकेर शहर की बदहाल बिजली व्यवस्था ने आम नागरिकों की परेशानी और गुस्से को चरम पर पहुंचा दिया है। 20 मई की रात शिवनगर, संजयनगर, जवाहर वार्ड, एकता नगर और उदय नगर के रहवासियों ने पूरी रात बिजली की आंख-मिचौली झेली। लगातार बिजली गुल होने, शिकायतों के बावजूद विभागीय उदासीनता और शिकायत नंबर पर फोन रिसीव नहीं होने से लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है, उसी समय विभाग की लापरवाही सामने आ रही है।

कांकेर शहर में बिजली संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। 20 मई की रात करीब साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक कई इलाकों में लगभग पांच बार बिजली बंद हुई। हर कुछ मिनट में बिजली कटने और आने का सिलसिला चलता रहा, जिससे लोगों की नींद पूरी तरह खराब हो गई। रात करीब 3 बजे फिर बिजली कटौती शुरू हो गई। इसके अलावा 21 मई की सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक शिवनगर की लाईट बिना किसी सूचना के दो घंटे तक बिजली बंद रही। लगातार बिजली बाधित होने से लोगों को गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कूलर और पंखे बंद होने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही। मोबाइल चार्ज नहीं हो सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। शिवनगर के निवासी मनोज ने बताया कि पूरी रात परिवार गर्मी से परेशान रहा, लेकिन शिकायत नंबर पर बार-बार कॉल करने के बावजूद किसी ने फोन नहीं उठाया। इसी तरह जवाहर वार्ड, उदय नगर, संजयनगर और एकता नगर के नागरिकों ने बिजली विभाग के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायत केंद्र में जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि यदि तकनीकि कारणों से बिजली बंद करनी पड़े तो विभाग पहले से सूचना जारी करे। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो नागरिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



26 मिनट पहले मैसेज, फिर बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। विभाग द्वारा झाड़ काटने और मेंटेनेंस कार्य का हवाला देकर बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसकी सूचना उपभोक्ताओं को महज 26 मिनट पहले वाट्सएप ग्रुप में दी जाती है। इतने कम समय में लोग न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर पाते हैं और न ही अपने जरूरी काम निपटा पाते हैं। ऐसी परिस्थिति 12 मई को सिविल लाइन फीडर में निर्मित हुई। जानकारी के अनुसार 12 मई को विद्युत विभाग ने विद्युत विभाग कांकेर शहर के वाट्सएप ग्रुप में 3 बजकर 36 मिनट पर मोबाइल नंबर 99263 95583 से सिविल लाइन फीडर में आने वाले सभी मोहल्ले झाड़ कटिंग के लिए 4:00 से 5:00 के बीच में एक घंटा बंद रहेगा, का वह मैसेज पोस्ट किया जाता है। सिविल लाइन फीडर में आने वाले सभी मोहल्ले की विद्युत सप्लाई 4 बजे बाधित हो जाती है। विद्युत विभाग का नियम है कि मेंटेनेंस के नाम पर सप्लाई बंद करने के 24 घंटे पहले जानकारी देना है। इसके अलावा 12 मई को सुबह 8 बजकर 12 मिनट पर मोबाइल नंबर 80854 54334 से मैसेज पोस्ट होता है कि शिवनगर, बीटीआई, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, जज क्वार्टर, नरहरदेव स्कूल, डाइट के पास, संजय नगर लाईन 11 केवी गोविंदपुर फीडर में 63 केव्हीए एक्स मीटर चालू करना है एवं ट्री झाड़ कटिंग करेंगे लाईन सुबह 10 से दोपहर 1 तक बंद रहेगा। विद्युत विभाग के अनुसूची एक के (खंड 3.1, 4.2 एवं 6.1 के संदर्भ में) उल्लेखित है कि मेंटेनेंस के लिए विद्युत सप्लाई बाधित करने के लिए शहर में 24 ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ मेंटेनेंस के नाम पर जनता परेशान

### शिकायत केंद्र सक्रिय नहीं, समस्या किसे बताए

शहरवासियों ने बताया कि बिजली बंद होते ही उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के शिकायत नंबर 9343667474 पर संपर्क करने की कोशिश की। कई लोगों ने लगातार कॉल लगाए, लेकिन हर बार फोन सिर्फ बजता रहा और किसी ने रिसीव नहीं किया। कुछ लोगों ने तो रातभर में 10 से अधिक बार कॉल करने की बात कही। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी और बढ़ गई। नागरिकों का कहना है कि यदि शिकायत केंद्र ही सक्रिय नहीं रहेगा तो आम जनता अपनी समस्या किसे बताएगा।

### व्हाट्सएप ग्रुप बना, फिर भी सूचना गायब

21 मई की सुबह करीब दो घंटे तक बिजली बंद रहने के बावजूद विभाग की ओर से किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं दी गई। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग ने सूचना देने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया हुआ है, लेकिन उसमें भी बिजली बंद होने या मेंटेनेंस से संबंधित कोई जानकारी साझा नहीं की गई। इससे लोगों में और अधिक नाराजगी देखने को मिल रही है।

## जमीन विवाद पर ठेलकाबोड़ में डंडे से पिटाई, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

**कांकेर।** ठेलकाबोड़ गांव में बाउंड्रीवाल निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहे तनाव के बीच तीन आरोपियों ने मिलकर युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे से मारपीट भी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बड़ेपारा ठेलकाबोड़ निवासी 38 वर्षीय ज्ञानेश्वर मटियारा पिता कृष्णा मटियारा ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में उसके घर-बाड़ी की बाउंड्रीवाल गिर गई थी, जिसकी वह वर्तमान में मरम्मत करा रहा था। 21 मई को सुबह करीब 10 बजे वह मजदूरों के साथ बाउंड्रीवाल का मरम्मत कार्य करा रहा था। इसी दौरान गांव के ओमप्रकाश मटियारा, अशोक मटियारा और शुभम मटियारा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने कहा कि वह उनकी जमीन पर बाउंड्रीवाल बना रहा है। इस पर ज्ञानेश्वर ने जवाब दिया कि वह केवल पहले से बने अपने बाउंड्रीवाल की मरम्मत करा रहा है और किसी की जमीन पर कब्जा नहीं कर रहा। इसी बात पर तीनों आरोपी भड़क गए और एक राय होकर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि पास में पड़े लकड़ी के डंडे से तीनों ने उस पर हमला कर दिया। बचाव करने के दौरान ज्ञानेश्वर के दाहिने हाथ में चोट आई, जिससे उसे दर्द और सूजन की शिकायत है। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी आए दिन उससे विवाद करते रहते हैं। शिकायत के आधार पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश मटियारा, अशोक मटियारा और शुभम मटियारा के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।



# सेन समाज की महासभा में प्रतिभाओं का किया सम्मान और एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ संबलपुर के कार्यक्रम में सेन समाज के 50 गांवों के लोग जुटे

भानुप्रतापपुर ब्लॉक के संबलपुर नगर में आयोजित सेन समाज महासभा 2026 सामाजिक एकता, समरसता और संगठन सशक्तिकरण का बड़ा मंच बनकर उभरी। समाज को एक सूत्र में बांधने और नई पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस महासभा में ब्लॉक क्षेत्र के करीब 50 गांव-बस्तियों सहित भानुप्रतापपुर एवं संबलपुर नगर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। देर रात तक चले विचार-विमर्श में समाजहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सेनजी महाराज एवं आराध्य बजरंग बली की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद समाज का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। महासभा का मुख्य आकर्षण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा, जहां शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा, शासकीय सेवा, राजनीति, समाज सेवा और महिला उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाजिक बंधुओं एवं महिलाओं का भी सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। महासभा में एक स्वजातीय प्रेम विवाह को समाज की सहमति एवं संबंधित पक्षों के स्वेच्छा अनुरोध पर सामाजिक मान्यता देते हुए मुख्यधारा में शामिल किया गया। साथ ही ऐसे ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तीन वर्ष से सोलर सिस्टम बंद, अस्पताल की सेवाएं प्रभावित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहत्तर में पिछले तीन वर्षों से सोलर पैनल एवं संबंधित मशीन खराब पड़ी हुई है। सोलर सिस्टम बंद होने के कारण अस्पताल की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे मरीजों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से कई बार क्रेडा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लिखित और मौखिक रूप से सूचना दी गई, लेकिन अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अस्पताल में डिलीवरी कराने आने वाली महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। बिजली व्यवस्था ▶▶|शेष पेज 12 पर



# ई-रिक्शा पर विधायक आशाराम ने सड़कों का किया सरप्राइज निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ सफाई, यातायात और गार्डन व्यवस्था सुधारने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कांकेर शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर गुरूवार को उस समय प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया, जब विधायक आशाराम नेताम अचानक ई-रिक्शा में सवार होकर शहर की सड़कों पर निकल पड़े। अलबेलापारा तालाब, ऊपर-नीचे रोड और गार्डन क्षेत्र का जमीनी निरीक्षण करते हुए विधायक ने साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की हकीकत को करीब से परखा। कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्थाएं देखकर उन्होंने मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जनता की समस्याओं को केवल दफ्तरों में बैठकर नहीं समझा जा सकता, बल्कि जमीनी स्तर पर पहुंचकर वास्तविक हालात जानना जरूरी है।

इसी उद्देश्य से उन्होंने बिना किसी औपचारिक सूचना के ई-रिक्शा के माध्यम से शहर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे फैली गंदगी, अव्यवस्थित यातायात, गार्डन क्षेत्र की उपेक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। अलबेलापारा तालाब क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक ने अधिकारियों से जवाब तलब किया, वहीं ऊपर-नीचे रोड में यातायात अव्यवस्था और अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर भी सख्त रुख अपनाया। गार्डन क्षेत्र की खराब स्थिति देखकर उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों ▶▶|शेष पेज 12 पर


## सिर दर्द, चक्कर और थकान की बढ़ीं शिकायतें, दोपहर में सन्नाटा पसरा

# सूर्य के रौद्ररूप ने किया बेहाल, तेज धूप एवं गर्म हवाओं से रातों में बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आसमान से बरसती आग और तपती हवाओं ने कांकेर जिले के लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बुधवार और गुरूवार को शहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसके चलते दोपहर के समय कांकेर की व्यस्त सड़कें भी सुनसान नजर आने लगीं। आम दिनों में जहां बाजारों और मुख्य मार्गों पर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती थी, वहीं अब दोपहर होते ही सन्नाटा पसर जाता है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है।

कांकेर शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर दोपहर के समय सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दिखाई दे रही है। लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। सुबह 10 बजे के बाद ही सड़कें तपने लगती हैं और दोपहर तक हालात बेहद कठिन हो जाते हैं। तेज गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। कई लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए। भीषण गर्मी का असर सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, छोटे व्यापारियों और सड़क किनारे काम करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। दोपहर के समय काम करना उनके लिए चुनौती बन गया है। मजदूरों का कहना है कि कुछ देर धूप में काम करने के बाद ही शरीर थकने लगता है और चक्कर आने जैसी समस्या महसूस होती है। वहीं बाजार में ग्राहकों की संख्या घटने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों के अनुसार दोपहर के समय ग्राहक बाजार नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे कारोबार में कमी आई है। दूसरी ओर ठंडे पेय पदार्थ, जूस, आइसक्रीम और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।






### मौसम का दिखने लगा प्रभाव

गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कई लोगों ने सिर दर्द, चक्कर, थकान और बेचैनी जैसी शिकायतें सामने आने की बात कही है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत महसूस की जा रही है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप से बचाव करने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

दसवीं पुण्यतिथि




पथ प्रदर्शक को नमन...
आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, साहस, मिलनसार, हमारे सदैव प्रेरणा दायक रहेगें। आपकी पुण्यतिथि पर सभी परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
स्व. श्री एम.आर. यादव
श्रद्धानवत् - राजेश यादव (पुत्र), घनश्याम यादव (पुत्र), खगेश्वर यादव (पौत्र), महेश यादव (पौत्र), अविनव यादव (पौत्र), विहान यादव (पौत्र)
विनीत : समस्त यादव परिवार
देहारी पारा, अंतागढ़, जिला - उ.ब. कांकेर

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 को

**कांकेर।** धूम्रपान एवं नशा पान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिससे जन सामान्य में धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त दिवस का धूम्रपान निषेध के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है।

### सार्वजनिक शराबखोरी पर 3 पुलिस गिरफ्त में

**कांकेर।** चारामा थाना पुलिस ने 20 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम कण्डेल के पास



सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए दो लोगो को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी खिलेश्वर नेताम और सितेश ठाकुर तेलगुडा निवासी सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पी रहें थे। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वही रतेसरा के मनोज ढाबा में शराब पीने वालो को शराब पीने के लिए सुविधा देने की जानकारी मिलने पर चारामा पुलिस मौके पर पहुंची और 20 मई को रतेसरा निवासी भागवत वैष्णव द्वारा शराब पीने की सुविधा देते हुए पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर जनदर्शन: दो दिनों में जारी हुआ मृत्यु प्रमाण पत्र

**कोण्डागांव।** कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने मात्र दो दिनों के भीतर आवेदिका को मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया। आवेदिका श्रीमती रुक्मिणी नंदा ने मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में अपने पुत्र के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी देवेंद्र शोरी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद कोण्डागांव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी देवेंद्र शोरी के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद कोण्डागांव द्वारा त्वरित प्रक्रिया पूर्ण की गई।

### संविदा शिक्षक-कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय आंदोलन होगा 4 अगस्त से

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व में 4 एवं 5 अगस्त 2026 को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आयोजित किया जाएगा। संघ की प्रमुख मांगों में कलेक्टर समिति व्यवस्था समाप्त कर शिक्षा विभाग में समायोजन, वार्षिक वेतन वृद्धि, 50 लाख रुपये बीमा सुरक्षा, पीएफ कटौती एवं सेवा सुरक्षा शामिल हैं। संगठन मध्यप्रदेश की तर्ज पर संविदा नियम लागू करने की मांग भी कर रहा है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में गांव-गांव तक पहुंच रहा विकास: केदार

## वन मंत्री ने 1 करोड़ 2 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के मर्दापाल क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 1 करोड़ 2 लाख रुपए की लागत के 09 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ग्राम सोनाबाल में 20 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं नगरी के मंडली भवन से पनवाड़ी तालाब तक 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया, जिसकी लागत 9 लाख रुपए है। ग्राम पंचायत खण्डाम में बलदेव पोयाम के खेत के पास 3 मीटर पुलिया निर्माण कार्य तथा पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत बोरगांव के लोहारपारा में 1.5 मीटर पुलिया निर्माण कार्य की भी शुरुआत की गई। ग्राम पंचायत खचगांव में 20 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही पूरन बघेल के खेत के पास पुलिया निर्माण तथा आश्रित ग्राम ढोलमंदरी में तातरी बादे घर के पास 2 मीटर पुलिया निर्माण कार्य की भी शुरुआत की गई। ग्राम पंचायत पोलंग के मुख्य मार्ग से टेमरूमुण्डा मार्ग के बीच चंदन खेत के पास 3 मीटर स्पॉन पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### ग्रामीण विकास को मिल रही नई गति

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल–पुलिया और पंचायत भवन जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। इन कार्योंं से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ गांवों के विकास को नई दिशा मिलेगी।




### जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांसद कश्यप और विधायक लता की मौजूदगी में शुरू हुई अत्याधुनिक आपातकालीन सेवा

# अब हर आपात स्थिति में मिलेगी तुरंत मदद जिले में डायल-112 सेवा का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव




■ मोबाइल फॉरेंसिक वैन को भी दिखाई गई हरी झंडी

जिले में नागरिक सुरक्षा और त्वरित सहायता व्यवस्था को नई मजबूती देते हुए 20 मई को डायल– 112 आपातकालीन सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस आधुनिक सेवा के शुरू होने से अब पुलिस, एंबुलेंस, अग्निशमन, महिला सुरक्षा और सड़क दुर्घटना जैसी किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को केवल एक नंबर-112 डायल करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कोंडागांव सुश्री लता उसेंडी ने की। इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चार्ली, तहसीलदार मनोज रावटे, मनोज जैन, नागेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने बताया कि डायल–112 सेवा छत्तीसगढ़ पुलिस की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। यह सेवा 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन सक्रिय रहेगी। उन्होंने कहा कि कॉल प्राप्त होते ही प्रशिक्षित ऑपरेटर आधुनिक कॉल सेंटर के माध्यम से सूचना प्राप्त करेंगे और जीपीएस आधारित तकनीक से संबंधित टीम को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया जाएगा। लक्ष्य है कि क्विक रिस्पॉन्स टीम 10 से 15 मिनट के भीतर सहायता पहुंचाए। डायल–112 सेवा में बहुभाषी सहायता, कॉल रिकॉर्डिंग, रियल–टाइम मॉनिटरिंग और अत्याधुनिक क्विक रिस्पॉन्स सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सहायता मिल सकेगी। सेवा के संचालन के लिए कॉल सेंटर ऑपरेटरों और क्विक रिस्पॉन्स टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें आपातकालीन निर्णय क्षमता, संवेदनशील मामलों में व्यवहार, विभागीय समन्वय और तकनीकी संचालन शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा, समस्त पुलिस अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं का प्रदर्शन भी किया गया।

### नक्सलमुक्त कोंडागांव को और सुरक्षित बनाएंगे : एसपी

पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने बताया कि डायल- 112 का शुभारंभ जिले में नागरिक सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अब कोई भी व्यक्ति किसी भी संकट में घबराए नहीं, बस 112 डायल करे। हमारी प्रशिक्षित टीम तेजी से घटनास्थल पर पहुंचकर मदद सुनिश्चित करेगी। नक्सल मुक्त कोंडागांव को हम और अधिक सुरक्षित, आधुनिक और नागरिक–अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।"

### मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराध जांच को मिलेगी नई ताकत

कार्यक्रम के दौरान अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस हाईटेक वैन में रक्त नमूना परीक्षण किट, डिजिटल साक्ष्य संग्रहण उपकरण, सीसीटीवी फुटेज एक्सट्रैक्शन सिस्टम, जीपीएस, हाई–कैपेसिटी लैपटॉप और अन्य आधुनिक तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं। अब अपराध स्थल पर तुरंत वैज्ञानिक जांच संभव हो सकेगी, जिससे साक्ष्य सुरक्षित रखने और जांच प्रक्रिया को तेज व विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी।

### अनावश्यक कॉल न करें

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थिति में ही डायल– 112 सेवा का उपयोग करें और अनावश्यक कॉल कर सेवा को बाधित न करें। साथ ही नागरिकों से इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव रखने की भी अपील की गई।

# विधायक ने 8 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेण्डी ने गुरुवार को ग्राम बोलबोला में 8 लाख रुपए की लागत से दो विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास कार्यों की शुरुआत की गई। भूमिपूजन किए गए कार्यों में प्लाटपारा चौक के सामने 5 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण तथा जरेबेन्दरी में बुदर पोयाम के घर से प्रेम नेताम के घर तक 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल है, जिसकी लागत 3 लाख रुपये है। कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेण्डी ने गांव के युवाओं को खेल सामग्री भी वितरित की। उन्होंने युवाओं को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों से गांव में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, सरपंच श्रीमती पुष्पा पोयाम, उपसरपंच जयलाल पोयाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग विजेता उमेश का शहर में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

■ नेपाल से जीतकर लौटे खिलाड़ी का हुआ सम्मान

नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विजय हासिल करने वाले खिलाड़ी न्उमी छंह का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। अम्बेडकर वार्ड स्थित जोड़ा जैतखाम में नगरवासियों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने उमेश नाग का फूल–मालाओं एवं जयघोष के साथ आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद स्वागत रैली निकालकर उन्हें उनके निवास तक ले जाया गया। उमेश नाग बाजार पारा निवासी लक्ष्मीनारायण नाग के पुत्र हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उनकी सफलता से पूरे नगर में उत्साह का माहौल देखा गया।

**युवाओं के लिए बने प्रेरणास्त्रोत** – कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कहा कि उमेश नाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और नगर का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा है। स्वागत कार्यक्रम में धँसराज टण्डन, सुरेश बघेल, गुरुचरण मार्कण्डेय, गणेश कोसले, लखराज टण्डन, प्रेमराज डहरिया, नरेंद्र मार्कण्डेय, ललित नाग और रामराज कोसरे सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने उमेश नाग को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# धनोरा में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन, 14 किसानों को मिली डिजिटल किसान किताब

**कोण्डागांव।** बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा में विकासखंड स्तरीय क्लस्टर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 14 किसानों को डिजिटल किसान किताब प्रदान की गई। शिविर में कोरकोटी, खालेवेदी, चुड़ावा, बदवर, करमरी, बेलगांव, धनोरा, सुकबेड़ा, भाटगांव और सिलाटी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, जिला पंचायत सदस्य कपिल कान्त नाग तथा जनपद सदस्य श्रीमती नमीता जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**राजस्व विभाग ने बांटे प्रमाण पत्र** – शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 6 वनाधिकार खसरा, 1 वनाधिकार पुस्तिका, 1 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, 4 जाति प्रमाण पत्र, 4 आय प्रमाण पत्र और 5 निवास प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 8 हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई तथा 9 जॉब कार्ड भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 आयुष्मान कार्ड एवं 6 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं खाद्य विभाग ने 3 राशन कार्ड वितरित किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 1 बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

# धान खरीदी घोटाले पर गरमाई राजनीति कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले में सामने आए 1 करोड़ 53 लाख रुपये के कथित धान खरीदी घोटाले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार और प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने प्रेसवार्ता में बताया कि जिस मुलमुला धान खरीदी केंद्र से क्षेत्र की विधायक लता उसेंडी ने स्वयं धान खरीदी की शुरुआत की थी। उसी केंद्र से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का धान गायब होना बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतना बड़ा घोटाला शासन–प्रशासन की मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण के बिना संभव ही नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला सामने आए 10 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक न कोई बड़ी कार्रवाई हुई है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी शिकंजा कसा गया है। उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार पूरे मामले को दबाने और रफा–दफा करने का प्रयास कर रही है। प्रेसवार्ता में जिला महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, देवेंद्र कोर्राम, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, बृज सोढ़ी, जनपद सदस्य जयराम मरकाम, मंडल अध्यक्ष सहदेव पोयाम, पिलाराम बघेल, योगेंद्र राठौर, सालिक बघेल, भूपेश शार्दुल सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 67 धान खरीदी केंद्रों की स्थिति पर उठे सवाल

कांग्रेस नेताओं ने जिले के सभी 67 धान उपार्जन केंद्रों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि रिकॉर्ड में लगभग 96 प्रतिशत धान उठाव दर्शाया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई खरीदी केंद्रों और संग्रहण केंद्रों में अब भी धान पड़ा हुआ है, जबकि कागजों में उठाव पूरा दिखाया जा चुका है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि जिले में कुल 32 लाख 35 हजार 628 क्विंटल धान खरीदी हुई, जिसमें 31 लाख 27 हजार 833 क्विंटल धान उठाव का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने मांग की कि जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों की निष्पक्ष और बारीकी से जांच कराई जाए। पूरे मामले की न्यायिक जांच हो तथा दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही बचे हुए धान का तत्काल उठाव सुनिश्चित करने की मांग भी कांग्रेस नेताओं ने की।

### सड़क से सदन तक लड़ेगी कांग्रेस

मोहन मरकाम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन–प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता धान खरीदी केंद्रों तक पहुंचेगा, जांच करेगा और किसानों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी।

## पेज 11 के शेष

### सेन समाज की महासभा...

कई परिवारों और व्यक्तियों को भी समाज से जोड़ा गया, जो वर्षों से क्षेत्र में निवासरत होने के बावजूद सामाजिक गतिविधियों से दूर थे। बैठक के दौरान सामाजिक एकजुटता, संगठन विस्तार और समाज के अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। राजनीतिक विषयों पर भी समाज के लोगों ने स्पष्ट मत व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी राजनीतिक दल समाज के हितों को प्राथमिकता देगा, समाज उसका सहयोग करेगा। केवल वादे कर मुकरने वालों को समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में भुनेश्वर सेन, मिलाप शांडिल्य, छबिलाल शांडिल्य, परमानंद श्रीवास, ओमप्रकाश सेन, उमाशंकर सेन, रामगोपाल सेन, सिवन शांडिल्य, अशोक सेन, आनंद सेन, संतोष सेन, विनोद सेन, राजीव श्रीवास, लोकेंद्र शांडिल्य, राजेंद्र शांडिल्य, भगत शांडिल्य, गोरेलाल भारद्वाज, लक्ष्मण सेन, मिथुन सेन, नरोत्तम सेन, अजय सेन, सचिन सेन सहित समाज के लोग उपस्थित रहें।

### ई-रिक्शा में पर विधायक...

को नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक के सामने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। लोगों ने सड़क मरम्मत, नियमित सफाई, गार्डन की देखरेख और यातायात नियंत्रण की मांग की। विधायक ने भरोसा दिलाया कि शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार मैदानी स्तर पर निगरानी की जाएगी। विधायक आशाराम नेताम के अचानक हुए इस निरीक्षण को लेकर पूरे शहर में चर्चाओं का माहौल बना रहा। विधायक के इस अलग अंदाज को लोगों ने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील पहल बताया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, नगर पालिका सीएमओ, पार्षद उकेश्वरी उइके सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

### तीन वर्ष से सोलर...

बाधित होने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं, जिससे मरीजों को आवश्यक सुविधाएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं। क्रेड़ा विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर लापरवाही बरत रहा है और मरम्मत कार्य में अनावश्यक जटिलता पैदा की जा रही है। उन्होंने जल्द से जल्द सोलर पैनल और मशीन की मरम्मत कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों और मरीजों को राहत मिल सके।

## महापौर समेत पार्षदों ने स्वच्छता के बारे में लोगों को किया जागरूक

# शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




सुशासन तिहार के अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोतीलाल नेहरू, पं. दीनदयाल उपाध्याय, दंतेश्वरी, राजेन्द्र नगर , गांधी नगर, गंगानगर, जवाहर नगर एवं शांतिनगर वार्ड के नागरिक शामिल हुए। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया। राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया गया। साथ ही मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजनों की समस्याएं सुनकर समाधान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संगठनों, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूलों के प्राचार्यों तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

***ये रहे उपस्थित***– *इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद आशा साहू, उर्मिला यादव, माया नायक, ज्योस्टिस भवानी, माधवी मंडल, अशोक पांडे, राजेश गुप्ता, बी रामकुमार सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।*

### लोगों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ

कार्यक्रम के दौरान आमजन को स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाकर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

### महापौर ने कचरा अलग- अलग रखने किया प्रेरित

महापौर संजय पांडेय एवं जनप्रतिनिधियों ने लोगों को कचरे का चार प्रकार से पृथक्करण करने के लिए प्रेरित किया। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी वेस्ट को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई। बताया गया कि कचरे का सही पृथक्करण स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय परिसर में सभी प्रकार के कचरों हेतु अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था एवं परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छता शपथ एवं विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों के आयोजन पर जोर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 के लिए सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मौके पर ही दिया गया। शिविर के दौरान विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर 202 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सीएमओ तरुणपाल लहरे सहित नगर पंचायत के विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को लाभान्वित किया।

### 56 सरपंचों का इस्तीफा पंचायत की विफलता का परिणाम : श्यामकुमारी

भोंड/घाटलोहंगा। कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के 56 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सामूहिक इस्तीफा सौंपना चिंताजनक विषय है। यह निर्णय किसी व्यक्तिगत कारण से नहीं, बल्कि पंचायतों की लगातार उपेक्षा, विकास कार्यों की अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण लिया गया है।



प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं सरपंच संघ की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामकुमारी ध्रुव ने कहा कि पिछले एक वर्ष से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं मिलने से सरपंच अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असमर्थ हो गए हैं। ग्रामीणों के मूलभूत विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे जनता में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरपंच गांव की सरकार के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन यदि उन्हें विकास कार्यों के लिए स्वीकृति और संसाधन ही उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे तो पंचायत व्यवस्था कमजोर होगी। बीते वर्ष सरपंच संघ द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान प्रशासन ने 15 दिनों के भीतर लंबित कार्यों की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वादा पूरा नहीं हुआ।

### मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी सहायता

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन ने बैठक में निर्णय लिया कि उजर 100 योजना के माध्यम से जिले के ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखते हों। योजना के तहत स्नातक, डिप्लोमा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा चयनित स्नातकोत्तर डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र एवं कार्यकारी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सहायता दी जाएगी।

# डायल 112 सेवा के शुभारंभ से कानून व्यवस्था होगी सुदृढ़: चव्हाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन की डायल-112 फेस-2 नेक्स्ट जेन परियोजना के अंतर्गत 20 मई को जिला मुख्यालय में डायल 112 आपातकालीन सेवा का शुभारंभ किया गया। बस स्टैंड सुकमा में आयोजित

■ अब नागरिकों को मिनटों में मिलेगी मदद

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा मनोज तिर्की, एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार, नगरपालिका सुकमा अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम, पार्षद, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में डायल 112 सेवा को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने डायल 112 वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु सेवा की शुरुआत की गई।

## पुलिस अधीक्षक एवं नगरपालिका अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी




### आमजन की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था

यह आपातकालीन स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता, आधुनिक नेक्स्ट जेन तकनीक आधारित सेवा, आमजन की सुरक्षा एवं त्वरित रिस्पॉन्स हेतु प्रभावी व्यवस्था, पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

### आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर करे डायल

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने डायल 112 सेवा को आमजन की सुरक्षा एवं त्वरित सहायता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया। इस सेवा के माध्यम से अब जिले के नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। पुलिस अधीक्षक श्री चव्हाण ने बताया कि इस सेवा के शुभारंभ से कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, दुर्घटना, विवाद, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। इसकी सुविधा जल्द ही सुकमा के अन्य प्रमुख स्थानों में प्रारंभ किए जाने की योजना एवं प्रक्रिया में है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को डायल 112 सेवा के उपयोग, कार्यप्रणाली एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई तथा आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर डायल 112 का उपयोग करने की अपील की गई।

## 642 ग्रामीणों की जांच कर जगाई उम्मीद

# ब्लॉक मुख्यालय से 90 किमी दूर दुर्गम गांव पहुंचा स्वास्थ्य अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बीजापुर के नेतृत्व में विकासखंड भैरमगढ़ अंतर्गत अत्यंत दुर्गम एवं अंदरुनी क्षेत्र नूगुर तथा उसके आश्रित ग्रामों में यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कठिन

■ उप स्वास्थ्य केंद्र नूगुर विकासखंड मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर है स्थित

भौगोलिक परिस्थितियों और लंबी दूरी तय कर ग्रामीणों तक पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं की नई मिसाल पेश की।

इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर दीपक कुमार देवांगन के साथ सेक्टर सुपरवाइजर कुतरू केपी बीरवंश, अतुल कुशवाह आरएचओ मेल, राजू पुंगेठी आरएचओ मेल, रीता फुलमादरी एएनएम, दीप्ति खेस सीएचओ बेदरे, आकृति भगत सीएचओ मुरकिनार एवं मनोरमा तोकल एएनएम ने सक्रिय भूमिका निभाई। उप स्वास्थ्य केंद्र नूगुर विकासखंड मुख्यालय से



लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित है। यहाँ पहुँचने के लिए स्वास्थ्य टीम को लगभग 2 किलोमीटर चौड़ी इंद्रावती नदी पार करनी पड़ती है। लंबे समय तक यह क्षेत्र नक्सल प्रभाव और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सरकारी योजनाओं से दूर रहा, लेकिन अब धीरे-धीरे शासन की योजनाएं गांवों तक पहुँच रही हैं और ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम नूगुर, हिंगमेटा एवं हुर्रागवाली में शिविर लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की तथा स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण एवं शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पहले ग्रामीण स्वास्थ्य जांच और बच्चों के टीकाकरण से कतराते थे, लेकिन अब ग्रामीण स्वयं आगे आकर स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं तथा बच्चों का नियमित टीकाकरण भी करवा रहे हैं। इससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अंदरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम की नियमित पहुँच से ग्रामीणों का स्वास्थ्य विभाग के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है और लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन रहे हैं।

### शिविर में हुआ व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण

ग्राम नूगुर में कुल मरीज 207, एनसीडी स्क्रीनिंग 75, बुखार 3, खुजली 5, एएनसी 1, अन्य मरीज 123 इसी तरह ग्राम हिंगमेटा में कुल मरीज 125, एनसीडी स्क्रीनिंग 42, बुखार 00, खुजली 2, अन्य मरीज 81, ग्राम हुर्रागवाली, कुल मरीज 310,एनसीडी स्क्रीनिंग 115, बुखार 5, खुजली 3, अन्य मरीज 187 तीनों ग्रामों में कुल 642 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं तथा गंभीर मरीजों को आगे उपचार हेतु सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास न केवल दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह ग्रामीणों में विश्वास, जागरूकता और बेहतर स्वास्थ्य भविष्य की उम्मीद भी जगा रहा है।

# ट्रक ओनर्स की मांग पर नपा ने आधा किया शुल्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

स्थानीय व्यापारियों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बड़ेबचेली ने एक सराहनीय निर्णय लिया है। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने स्थानीय ट्रक मालिकों की वित्तीय समस्याओं और बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के निवेदन पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अस्थाई दखल शुल्क को 100 से घटाकर पुनः 50 करने का फैसला लिया है।उन्होंने कहा कि परिषद ने एकमत होकर बिना किसी दबाव के स्थानीय ट्रक मालिकों को राहत देने के लिए यह फैसला लिया है। हमारी प्राथमिकता नगर के विकास के साथ-साथ यहाँ के व्यवसायियों के हितों की रक्षा करना भी है।

■ जनहित में लिया गया निर्णय

### एसोसिएशन के अनुरोध पर पहल

बढ़ती महंगाई और व्यवसाय में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए ट्रक एसोसिएशन ने पालिका प्रशासन को एक पत्र सौंपकर शुल्क कम करने का अनुरोध किया था। एसोसिएशन का मानना था कि शुल्क पूर्ववत 50 रहने से स्थानीय छोटे और मध्यम ट्रक मालिकों पर आर्थिक बोझ कम होगा। जनभावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए पालिका परिषद की बैठक में इस पर सकारात्मक चर्चा हुई और सर्वसम्मति से शुल्क को वापस पुरानी दरों पर लागू करने की मंजूरी दी।

### जनहित और पारदर्शिता को प्राथमिकता

इस निर्णय से न केवल परिवहन क्षेत्र से जुड़े परिवारों को सीधी राहत मिलेगी, बल्कि नगर पालिका और स्थानीय व्यवसायियों के बीच आपसी तालमेल मजबूत होगा। इस फैसले का स्थानीय नागरिकों, व्यापारी वर्ग और ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है तथा अध्यक्ष व पूरी परिषद का आभार जताया है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर बैठक, व्यापारियों ने दिया सहयोग का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत गीदम परिसर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, व्यापारीगण, दुकानदार एवं होटल संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से पूरे देश में ठोस अपशिष्ट



प्रबंधन नियम लागू कर दिया गया है। इसके तहत नगर पंचायत क्षेत्र में निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का स्त्रोत पर ही पृथक्करण, सुरक्षित परिवहन एवं वैज्ञानिक निपटान अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि अब सभी को कचरे को 4 श्रेणियों में अलग-अलग रखना होगा। प्रधान ने थोक अपशिष्ट उत्पादकों यानी बल्क वेस्ट जनरेटरों को विशेष रूप से जानकारी देते हुए बताया कि होटल, ढाबा, मैरिज हॉल, हॉस्टल, बड़े संस्थान आदि को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत केन्द्रीय पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। साथ ही इन्हें अपने परिसर में ही गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए कंपोस्टिंग या बायोगैस जैसी सुविधा स्थापित करनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कचरा संग्रहण, सफाई या अन्य समस्याओं के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर निदान 1100 तथा व्हॉट्सएप चैटबॉट नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छ सर्वेक्षण के बारे में भी व्यापारियों को विस्तार से बताया गया। सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए दुकानों के सामने डस्टबिन रखना, कचरा फैलाने वालों को रोकना और सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करना जरूरी बताया गया। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

# दो दिन से लापता युवक की इंद्रावती नदी में मिली लाश

**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के नारायणपाल स्थित इन्द्रावती नदी में गुरुवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक कोण्डागांव थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक युवक की बाइक नारायणपाल इन्द्रावती नदी पुल के उपर खड़ी थी और नीचे नदी में उसका शव तैर रहा था। लोहण्डीगुड़ा टीआई रविकुमार बैगा ने बताया कि युवक की शिनाख्त युवराज मानिकपुरी 24 वर्ष के रूप में हुई है। युवराज 19 मई को अपने परिजनों को कोण्डागांव जा रहा हूं कहकर बाईक से निकला था। कई घंटे बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच 20 मई को अनंतपुर क्षेत्र के रहने वाला युवक किसी काम से लोहण्डीगुड़ा आया हुआ था। काम समाप्त करने के बाद वह रात में वापस अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान उसने पुल के उपर युवराज की बाइक देखी और परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद



गुरुवार सुबह परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी बाइक देख कर लोहण्डीगुड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही लोहण्डीगुड़ा टीआई टीम के साथ मौके पर पहुंचें और नदी में तैरती उसके शव को बाहर निकाला। शव की शिनाख्त मृतक के भाई व परिजनों ने लापता युवराज के रूप में की। लोहण्डीगुड़ा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक ने आत्महत्या क्यों कि इसका पता नहीं लग सका है परिजनों के मुताबिक वह कोण्डागांव जाने के लिए घर से निकला था लेकिन दो दिन के बाद उसका शव मिला। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

# पीएम आवास की राशि अटकी, अधूरे मकानों में रहने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

राज्य सरकार जहां सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं बस्तर जिले के कई गांवों में गरीब और आदिवासी परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना की अधूरी राशि के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। बरसात का मौसम नजदीक आने के बावजूद कई हितग्राहियों के मकान अधूरे पड़े हुए हैं और परिवार असुरक्षित हालात में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजनाओं का प्रचार तो किया जा रहा है, लेकिन जमीन पर गरीबों को उनका अधिकार समय पर नहीं मिल पा रहा है।



■ बरसात से पहले बेघर होने की कगार पर आदिवासी गरीब किसान

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, लेकिन विभागीय लापरवाही और भुगतान में देरी के कारण ग्रामीणों की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कई हितग्राहियों को पहली किस्त मिलने के बाद अगली राशि समय पर नहीं मिली, जिससे मकान निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया। कुछ लोगों ने दीवारें खड़ी कर लीं तो कुछ छत डालने की तैयारी में थे, लेकिन भुगतान रुकने से निर्माण अधूरा छोड़ना पड़ा। जनपद पंचायत बस्तर अंतर्गत ग्राम पंचायत चोकर के हितग्राही गंगा राम ने बताया कि वे कई बार पंचायत कार्यालय और संबंधित अधिकारियों के पास जा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही जवाब मिलता है कि हम विभाग को लिखकर दे चुके हैं, पैसा आने पर खाते में डाल दिया जाएगा। गंगा राम का कहना है कि मानसून आने से पहले छत तैयार नहीं हुई तो पूरा परिवार मुश्किल में पड़ जाएगा। उन्होंने बताया कि मजबूरी में लगभग 50 हजार रुपये कर्ज लेकर मकान का काम आगे बढ़ाया, लेकिन अब कर्ज चुकाने की चिंता अलग सताने लगी है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के साथ-साथ मनरेगा और जॉब कार्ड के तहत मिलने वाली मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है। कई मजदूरों को 20 हजार रुपये तक की राशि नहीं मिली है। मजदूरी भुगतान में देरी के कारण गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है। मजदूरों, मिस्त्रियों और निर्माण सामग्री दुकानदारों का भुगतान करना भी अब हितग्राहियों के लिए मुश्किल हो रहा है।

# अव्यवस्थित पार्किंग पर नगर पंचायत सख्त सीएमओ लहरे ने खुद संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में बेतरतीब पार्किंग से राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर सीएमओ तरुणपाल लहरे ने मोर्चा संभाल लिया है।

ऑटो चालकों व व्यापारियों द्वारा बाजार स्थल एवं नेशनल हाइवे सड़क पर मनमाने ढंग से वाहन खड़े करने से आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नगरवासियों ने कई बार नगर पंचायत से पार्किंग व्यवस्था सुधारने की अपील की थी। इसे



गंभीरता से लेते हुए सीएमओ तरुण पाल लहरे स्वयं साप्ताहिक बाजार पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों, ऑटो चालकों और ग्रामीणों को वाहनों की पार्किंग मेला स्थल मैदान एवं खेल मैदान में करने के निर्देश दिए ताकि बाजार स्थल पर भीड़ और जाम की स्थिति न बने। सीएमओ ने जानकारी दी कि नगर पंचायत की पूरी टीम व्यवस्था बनाने में लगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत ने स्पष्ट किया कि बाजार में सुगम आवाजाही और अव्यवस्था रोकने के लिए यह कदम जरूरी है। आगे भी नियमित निगरानी रखी जाएगी।

# ग्रामीणों को स्वच्छता व शौचालय उपयोग के प्रति किया जागरूक



**दंतेवाड़ा।** जिले में आज स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 20 मई से 15 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करना तथा शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण एवं उपयोग सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्व सहायता समूह की दीदियों ने शौचालय नहीं होने से होने वाली समस्याओं एवं बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को नियमित शौचालय उपयोग हेतु जागरूक किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सेजस दमकसा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण अंचल के बच्चों को महानगरों जैसी विश्वस्तरीय और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के संकल्प के साथ, दुर्गुकोंदल ब्लॉक अंतर्गत शाउमा उत्कृष्ट विद्यालय दमकसा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है। बेहतर शिक्षा, उज्जवल भविष्य हमारा लक्ष्य के ध्येय वाक्य के साथ यह संस्थान क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सर्वसुविधायुक्त माहौल में गढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। संस्थान में कक्षा छठवीं से लेकर 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के सुनहरे अवसर खुले हैं।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** विधायक निवास भानुप्रतापपुर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के देश के विकास, तकनीकी प्रगति और लोकतंत्र को मजबूत करने में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, गोपाल राठी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, रवि साहू एवं तुषार मंडावी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## 2.90 लाख रुपए की शराब व दो बाईक आरोपियों से किया गया बरामद

# एमपी की लाखों की शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



बस्तर थाना क्षेत्र के झारतरई में रेड कार्रवाई करते हुए आबकारी की टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध अग्रेंजी शराब जब्त किया है। बरामद 43 पेटी एमपी निर्मित शराब की कीमत 2.90 लाख रूपए आंका गया है। इसके अलावा आरोपियों से दो बाईक भी बरामद किया गया है। शराब तस्करी की सूचना पर आबकारी आयुक्त पदुम सिंह एल्मा के निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी एसआई अकिंत सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि झारतरई बाजार में कुछ लोग अवैध शराब खपाने ग्राहक का इंतजार कर रहे है। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और उनके कब्जे से मध्यप्रदेश प्रांत का गोवा ब्रांड की विदेशी मदिरा स्प्रिट 43 पेटी कुल 387 बल्क लीटर बरामद कर जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 2 लाख 90 हजार 250 रूपए आंका गया है। इसके अलावा मौके से बाईक क्रमांक सीजी 17 केसी 6209 कीमत 40 हजार रूपए तथा बाईक क्रमांक सीजी 17 एलई 0362 कीमत 80 हजार रूपए कुल कीमत 4 लाख 10 हजार 250 रूपए बरामद किया गया। विवेचना अधिकारी अकिंत सिंह राठौर ने बताया कि काफी समय से इस इलाके में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिल रही थी जिसके बाद से ही नजर रखी जा रही थी।

### भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड में जेल

आबकारी की टीम ने मौके से अवैध शराब के साथ आरोपी भकचंद नाग 46 वर्ष निवासी मंधोता थाना बस्तर, यादो राम मांझी 35 वर्ष निवासी उसरी थाना बस्तर व लैखन मौर्य 37 वर्ष निवासी देवड़ा थाना भानपुरी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क ), 34 (2), 36 व 59 (क)के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में एसआई अकिंत सिंह राठौर के अलावा प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद सिन्हा, ललित ठाकुर, शैलेष पांडे, श्याम सुंदर केसरी, पृथ्वीराज श्रीवास्तव, आरक्षक कविश यादव एवं वाहन चालक हेमराज बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राजीव गांधी के राष्ट्रीय अवदान को याद किया

# पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया, दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में 21 मई को देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर पूर्व प्रधानमंत्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के प्रति उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश में संचार और सूचना क्रांति की नींव रखने वाले राजीव गांधी ने हमेशा युवाओं और पंचायती राज को मजबूत करने का काम किया। इसके साथ ही, उन्होंने समाज में शांति और सुरक्षा की स्थापना के लिए आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनेश नरेटी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज का दिन हमें आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने ग्रामीणों को देश की संप्रभुता की रक्षा करने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यों का विस्तृत उल्लेख करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। इस श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रघुनंदन गिरी गोस्वामी, सेक्टर प्रभारी विनोद राणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष भागीरथी निषाद और बाबूलाल कोला शामिल थे। इसके अलावा दमकसा के मंडल अध्यक्ष गिरवर भास्कर, सन्यासी बघेल, लक्ष्मण सेन, बुधियारीन दड़त, मनि तारम, बानो तारम, बिंदेश्वरी सेन, धर्मी बाई, अर्चना बाई और नरेश निषाद सहित भारी संख्या में कोड़ेकुसी के ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### पूर्व पीएम गांधी की पुण्यतिथि, एकता की दिलाई गई शपथ



जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य नितिन पोटाई ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक और दूरसंचार क्रांति की दिशा दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को कम्प्यूटर क्रांति का जनक माना जाता है। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प के कारण भारत में नई कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी और संचार व्यवस्था का विस्तार संभव हो सका। राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया और युवाओं को लोकतंत्र से जोड़ने के लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की। नई शिक्षा नीति को भी उन्होंने देश के विकास का आधार बनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाई गई। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यासीन कराणी ने राजीव गांधी को दूरदर्शी नेता बताते हुए उनके योगदानों को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष तरेन्द्र भंडारी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिलाने का श्रेय भी राजीव गांधी को जाता है। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस अध्यक्ष भारती सलाम, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, गफ्फार मेमन, सुनीलपुरी गोस्वामी, मनोज जैन, सोमेश सोनी, पार्षद चंदलोक सिंह ठाकुर, जितेन्द्र वैद्य, मुकेश तिवारी, खोमेन्द्र उइके सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भानुप्रतापपुर चेंबर की इंडस्ट्रीज इकाई के कथूरिया बने अध्यक्ष




**भानुप्रतापपुर।** क्षेत्र के व्यापारियों को एकजुट करने एवं उनकी समस्याओं को प्रदेश स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई का गठन किया गया है। इस नई इकाई के गठन में वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रदीप जैन तथा व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रमानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 20 मई को जारी आदेश में नई कार्यकारिणी को स्वीकृति प्रदान की गई है। नई कार्यकारिणी में सतलाल चश्मा दुकान के संचालक एवं युवा व्यवसायी यश कुमार कथूरिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा व्यापारी चेहरे के रूप में पहचान बना चुके यश कथूरिया के अध्यक्ष बनने से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। व्यापारिक गतिविधियों को संगठित करने, व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन एवं प्रदेश स्तर तक पहुंचाने तथा नए व्यापारियों को मंच से जोड़ने की दिशा में उनसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद जताई जा रही है। नई कार्यकारिणी में प्रदीप जैन एवं नारायण पाढ़ी को संरक्षक बनाया गया है। विशेष सलाहकार के रूप में कपूर चंद जैन एवं विजय जैन को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नमन जैन को महामंत्री तथा आनंद जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर एजाज रिजवी एवं प्रदीप नवलानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री पद पर अजय लखानी, अनुप दास एवं लक्ष्मण माखीजा को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डेविड देवांगन, इरशाद खान हन्नी, लोकेश संचेती, राहुल रमानी, प्रतीक हर्दवानी एवं बलराम पंजाबी को स्थान मिला है।

# सुशासन तिहार में मिली राहत खोमेश्वर का बना राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है और साथ ही आम जनता की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। चारामा विकासखण्ड के ग्राम हल्बा क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। ग्राम टांहकापार निवासी खोमेश्वर प्रसाद सिन्हा ने बताया कि राशन कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार बस्तर मुन्ने के दौरान उन्होंने अपनी समस्या को लेकर राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका राशन कार्ड शीघ्रता से बनाकर उपलब्ध कराया गया। शिविर में राशन कार्ड प्राप्त होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार आम लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही से आम जनता का शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में संतोष और खुशी का माहौल है।

# सारवंडी में 12 लाख के टिन शेड निर्माण का जनपद उपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना



कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सारवंडी में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले टिना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू द्वारा किया गया। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही मांग पूरी होने पर गांव में खुशी का माहौल देखने को मिला।

भूमि पूजन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि टिना शेड निर्माण होने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही बारिश और तेज धूप के दौरान भी ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। ग्राम पंचायत सारवंडी की सरपंच सरिता भास्कर ने कहा कि टिना शेड निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों को बेहतर सामुदायिक सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। वार्ड पंच दायाराम भास्कर ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गांव में लंबे समय से एक बड़े सार्वजनिक शेड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत सचिव प्रभुराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। भूमि पूजन के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में इसी प्रकार विकास कार्य जारी रखने की मांग की।

## पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेस की हताश और कुंठा : टेकेश्वर सिन्हा

**सरोना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष ने कड़ी



प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस पार्टी की हताशा, निराशा एवं राजनीतिक पतन का प्रतीक बताया है। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने जारी अपने बयान में कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु देश के प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। राहुल गांधी लगातार अपनी राजनीतिक विफलताओं से बौखलाकर सार्वजनिक मंचों से मर्यादाहीन भाषा का उपयोग कर रहे हैं, जिसे देश की जागरूक जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत की विदेश नीति, मजबूत अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान, गरीब कल्याण योजनाएं एवं वैश्विक मंचों पर देश की बढ़ती प्रतिष्ठा कांग्रेस पार्टी को असहज कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता मुद्दों पर बात करने के बजाय व्यक्तिगत एवं अशोभनीय टिप्पणियों का सहारा ले रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं एवं राजनीतिक शुचिता में विश्वास करती है। विपक्ष का दायित्व जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करना होता है, न कि देश के प्रधानमंत्री का अपमान कर राजनीतिक स्तरहीनता का परिचय देना।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



थाना कांकेर क्षेत्र से नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी टिकरापारा कांकेर निवासी 33 वर्षीय सन्नी नाग उर्फ राजू पिता कृष्णा नाग को धर दबोचा और उसे जेल दाखिल किया।

पीड़िता ने थाना कांकेर पुलिस को बताया था कि आरोपी सन्नी नाग 15 सितंबर 2022 कि रात घर घूसा था। रात करीबन साढ़े 11 बजें मै घर पर थी। मुझे नाबालिग जानते हुए इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया। आरोपी द्वारा पीड़िता को लगातार डरा-धमकाकर 5 मार्च 2026 तक शारीरिक शोषण किया जाता रहा। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पता तलाश में जुटी। पुलिस टीम द्वारा टिकरापारा कांकेर में घेराबंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 64 (1), 64 (2) (एम), 65 (1) बीएनएस एवं धारा 4 व 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### आरोपी पर पूर्व में कई अपराध है कायम

आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, जुआ एक्ट एवं अन्य आपराधिक मामले अपराध दर्ज है। आरोपी के विरूद्ध वर्ष 2019 में अपराध क्रमांक 128/19, वर्ष 2021 मे अप.क्र.293/21 , वर्ष 2024 मे अपराध क्र. 418/2024 के प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर सावित्री मरकाम, आरक्षक मनोज ध्रुव, त्रिलोचन यादव एवं महिला आरक्षक रशिदा बानो की भूमिका रही।

# पुलिस ने सुलझाई 2 वर्ष पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

- प्लास्टिक बोरी में मिला महिला का कंकाल
- शक के चलते पत्नी ने रची हत्या की साजिश

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार वर्मन के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राहुल उईके के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली में दर्ज गुम इंसान की पतासाजी की जा रही थी, किन्तु कोई सुराग प्राप्त नहीं हो रहा था।

गुमशुदा महिला रामदई कश्यप की पतासाजी के लिए उनि. संजय पाल, सउनि. पंकज धर एवं प्रआर. आशीष कुमार नाग की टीम गठित की गई। टीम ने मामले की नए सिरे से जांच प्रारंभ की। 12 मई को गुमशुदा के परिजनों के कथन लिए गए तथा कॉल डिटेल का विश्लेषण किया गया, जिसमें पाण्डू करटम से लगातार संपर्क होना पाया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गुमशुदा महिला के साथ नजदीकी संबंध था। 13 मई को ग्राम तोयलंका पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की गई। जानकारी मिली कि रामदई कश्यप



दंतेवाड़ा में रहती थी। 15 मई को रामबती करटम निवासी ग्राम तोयलंका से विस्तृत पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गुमशुदा रामदई कश्यप का कमली करटम के पति के साथ नजदीकी संबंध था, जिसकी जानकारी कमली करटम को भी थी। नजदीकी संबंध से नाराज होकर कमली करटम ने अपने रिश्तेदार हुंगाराम उर्फ बुटू करटम को पैसे देकर रामदई कश्यप की हत्या की साजिश रची। घटना के समय उसका पति गांव में बीज त्यौहार के कारण तोयलंका आया हुआ था। इसका फायदा उठाकर कमली करटम ने अपने पति की पहली पत्नी की बेटी लक्ष्मी करटम को दंतेवाड़ा भेज दिया। रात में कमली ने फोन कर रामदई के बारे में जानकारी ली, तब लक्ष्मी ने बताया कि वह घर में सो रही है। इसके बाद कमली करटम ने अपनी पिकअप वाहन से हुंगाराम करटम को दंतेवाड़ा भेजा। जिसके बाद हूंगाराम ने घर में घुसकर रामदई कश्यप का मुंह एवं गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच पिकअप वाहन में रखकर आरोपी हुंगाराम उर्फ बुटू करटम ग्राम तोयलंका स्थित अपने घर के पीछे नाले किनारे ले गए, जहां शव को दफना दिया गया। कमली करटम की निशानदेही पर दण्डाधिकारी गरिमा प्रधान, फोरेंसिक विशेषज्ञ वसीम अकरम, पुलिस स्टाफ एवं गवाहों की उपस्थिति में शव को निकाला गया। मौके से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरा मानव कंकाल बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। मामले में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 21 मई को मामले में अपराध कायम कर घटना स्थल निरीक्षण, नक्शा तैयार कर गवाहों के कथन लिए गए। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर लक्ष्मी नाग पति चिंटू नाग 22 वर्ष निवासी कटेकल्याण तथा कमली करटम पति पाण्डु 40 वर्ष निवासी तोयलंका को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमसी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

